## सार-समाचार

### रांकावत समाज की क्रिकेट प्रति. शुरू

**पाली**, (नि.सं.)। रांकावत विकास समिति की ओर से समस्त गोड़वाड़ रांकावत समाज की इलेवन क्रिकेट प्रतियोगिता पाली के नया बस स्टैंड के निकट सेंचुरियन गार्डन के पास विजन क्रिकेट अकादमी मैदान पर 24 से 28 अक्टूबर तक शुरू हुई। 24 को उद्घाटन के बाद रोजाना चार मैच हो रहे हैं। प्रतियोगिता के संयोजक हरिओम शास्त्री ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 12 टीमों के करीब डेढ़ सौ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।12- 12 ओवर के मैच रोजाना हो रहे हैं जिसका समापन 28 अक्टूबर को होगा। प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न मैच में पाली ने अहमदाबाद चैलेंजर को हराया। गेम चेंजर रानी ने रॉयल बलास्टर को हराया। अरावली टाइगर्स ने मुंबई इंडियन को, रांकावत रॉयल ने पावा पैंथर को, अहमदाबाद चैलेंजर ने सिंघम टाइगर को हराया। कार्यक्रम के तहत 27 तारीख को सेंचुरियन गार्डन में एक शाम चारभुजा के नाम भजन संध्या का आयोजन व अतिथियों का सम्मान समारोह होगा।आयोजन कमेटी के हरिओम शास्त्री, नंदकिशोर मुंशी जी, योगेश रांकावत, दिलीप, नंदकिशोर शर्मा, पवन कुमार, अरुण गोयल, सुरेंद्र आदि का सहयोग मिल रहा है। निर्णायक टीम में लहरी दास गोयल, सहित समाज बंधु का सहयोग रहा।

### 'वस्तु व धन का सदुपयोग करें

**जोधपुर**, (कासं)। चौरड़िया भवन में विराजित सुमति मुनि ने फरमाया कि वस्तु व घन आदि सर पर चढ़ा हुआ होगा तो परमात्मा व धर्म की वाणी अन्दर नहीं पहुंच सकती है। जो चीज जहां होनी चाहिए वो वस्तु वही अच्छी लगती है। उन्होंने कहा कि संसारिक वस्तु के प्रति लगाव छोड़ दे। हमारे भीतर अनादिकाल से बसे हुए संसार को कही तो रोकना होगा। अपनी मान्यता को बदलनी है। वस्तु कभी हमारी है नहीं हो सकती। यदि डाक्टर को हमारा असली रोग नही बताया तो गलत दवाई लेने से आपका नुकसान ही होगा। असली दुःख का इलाज होता है। हम को भय उत्पन्न होता है भ्रम से एवं भ्रम अज्ञान से पैदा होता है। भगवान से क्या मांगना।निज काम से प्राथनाउचित नहीं है।बच्चे से पहले माता को मालूम रहता है कि बच्चों को क्या चाहिये। एक रोटी के बदले दो रोटी परोसती हैं ऐसे ही परमात्मा को हमारा भुत, भविष्य, वर्तमान मालूम है। जब मिलना होगा तो मिल जायेगा। नहीं मिले तो यह चिंतन हो कि प्रभु की नजर में यह काम अभी नहीं होना है। संघ अध्यक्ष देवराज बोहरा मंत्री माणक ललवानी अशोक बोहरा ने बताया कि कल ज्ञान पंचमी की आराधना त्याग तपस्या एवं स्वाध्याय से की जायेगी। कल 26अक्टूम्बर को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जयमल पाठशाला का बच्चों का शिविर रखा गया है।

### निराश्रित गौवंश को गौशाला भिजवाया

**सिरोही**, (नि.सं.)। नगरपरिषद सिरोही के प्रशासक (अति. जिला कलक्टर) डॉ. राजेश गोयल के निर्देश पर नगर परिषद सिरोही द्वारा आज कार्रवाई करते हुए शहर में सार्वजनिक स्थलों पर विचरण करन वाले निराश्रित गौवंश को पकड़ कर निकटतम श्रीगोपाल गोवर्धन गौशाला में भिजवाया गया। नगरपरिषद् आयुक्त शिवपाल सिंह ने बताया कि आज शहर के भीडभाड वाले क्षेत्र सरजावाव दरवाजा चैराहा, शाहजी की वाडी, बस स्टेण्ड एवं भाटकडा रोड पर विचरण करते पाये गये निराश्रित गौवंश को पकड़ा गया है। उक्त कार्रवाही में पशुपालकों द्वारा शहर में छोडे गये पालतु गौवंश भी होने से उनके द्वारा बीच में आकर अधिकांश गौवशों को झुण्ड से निकाल कर ले गए। नगरपरिषद दस्ते ने 12 गौवंशों को गौशाला में जमा करवाया गया। उन्होंने बताया कि नगर परिषद की कार्रवाही में व्यववधान उत्पन्न करने वाले ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाकर उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाही की जायेगी तथा यह अभियान आगे भी निरन्तर जारी रहेगा। पशुपालकों से आग्रह है कि वे अपने पालतु गौ वंशों को बाडे में बंद रखें। भविष्य में शहर में सार्वजनिक स्थलों पर विचरण करते पाए जाने पर उन्हें भी गौशाला में जमा करवा दिया जाएगा।

### घर से करें स्वच्छता की शुरूआत : डॉ.शर्मा

**पाली**, (नि.सं.)। कंकु विजय कॉलेज, खैरवा रोड पाली में एन. सी. टी. ई. के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान 5.0 के तहत स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षणार्थियों को अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने के साथ साथ लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। प्राचार्य डॉ. करण सैन ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को स्वच्छता कि शपथ दिलाई। उन्होने बताया कि, महाविद्यालय के निर्देशानुसार समस्त गतिविधियों का आयोजन करता हैं। डॉ. सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि व्यक्ति को सर्वप्रथम स्वच्छता की शुरुआत स्वयं से करनी चाहिए फिर अपने घर मोहल्ले, शहर एवं राष्ट्र को स्वच्छ बनाने में योगदान देना चाहिए। प्रवक्ता दिनेश विश्नोई ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया, इस अवसर पर प्रदीप जोशी, गोविंद सैन, प्रवीण द्विवेदी, प्रीति परिहार, आजाद सैन, राधेश्याम पुरी, नेमीचन्द इत्यादि शिक्षक उपस्थित थे।

### उप जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

**सिरोही**, (नि.सं.)। उप जिला चिकित्सालय आबूरोड का शनिवार को अति. जिला कलक्टर डॉ.राजेश गोयल ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अति. जिला कलैक्टर डॉ.गोयल ने लेबर रूम, लैब, वार्ड और अन्य परिसरों का गहनता से निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए संबंधित को निर्देश दिए। चिकित्सालय प्रभारी पीएन गुप्ता ने बताया कि वार्ड में बिस्तरों की पर्याप्त व्यवस्था के लिए 50 अतिरिक्त बिस्तरों की आवश्यकता है। एडीएम ने समुचित व्यवस्था का आश्वासन दिया और अस्पताल में अन्य सभी व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश जारी किए। एडीएम ने अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना उनकी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी शंकर लाल मीणा भी मौजूद थे।

### दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम संपन्न

**पाली**, (नि.सं.)। बीसीएम ग्रुप द्वारा आयोजित दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन रोटरी क्लब में किया गया। जिसमें सभी कार्यकर्ताओं द्वारा एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गई एवं दीपावली के उपलक्ष्य में कंपनी के डायरेक्टर मगराज जैन द्वारा नई टारगेट योजना कार्यकर्ताओं के लिए प्रारम्भ की गई एवं पुराने सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजू पंडित व हास्य कलाकार द्वारा देशभक्ति से ओत प्रोत प्रोग्राम पेश किए गए एवं भजन गायक महेंद्र सिंह राठौड़ द्वारा नमस्कार महामंत्र व माता पिता की सेवा के भजन गाये गए। इस अवसर पर अशोक बाफना, मूलचंद संकलेचा, महेंद्र कवाड़, कुलदीप पंवार, लाल सिंह भाटी, प्रभु राम बंजारा, कमलेश सुमेरपुर, प्रवीण माली, किशन सुमेरपुर सहित कई जने उपस्थित रहे।

### बंद मकान के कचरे में लगी आग

**जोधपुर**, (कासं)। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित सेक्टर 14 में एक बंद मकान के परिसर में पड़े कचरे में आज दोपहर में आग लग गई। आग को बुझाने से पहले फायर ब्रिगेड पहुंचती उससे पहले पुलिस ने आग को काबू करने का प्रयास किया। बाद में दमकल ने आकर आग को बुझाया। सेक्टर 14 चौहाबो में एक मकान काफी समय से बंद पड़ा है। बंद मकान के खुले परिसर में काफी कचरा हो रखा था। किसी ने संभवतः कचरे का सुलगा दिया। इसके बाद वहां आग लग गई। धुआं निकलते देख चौहाबो पुलिस तत्काल वहां पहुंची और आग को बुझाने का जतन करने लगी। उसके बाद फायर स्टेशन से पहुंची गाड़ी ने आग पर काबू पाया।

### राज्यसभा सांसद डांगी का दौरा

**रेवदर**, (नि.सं.)। सिरोही के रेवदर में राज्यसभा सांसद नीरज डांगी 27 और 28 अक्टूबर को दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। 27 अक्टूबर को वरमाण में ग्राम सेवा सहकारी समिति कार्यालय व गोदाम का उद्घाटन करेंगे। खाण के प्राथमिक स्कूल कक्षा कक्ष निर्माण का भूमि पूजन करेंगे। विधायक मोतीराम कोली की माताजी के निधन पर शोक व्यक्त करेंगे और क्षेत्र की तीन अन्य जगहों पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। वहीं 28 अक्टूबर को सांसद डांगी रेवदर में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।

### सुमित गोदारा रामदेवरा पहुंचे

**रामदेवरा**, (नि.सं.)। शनिवार को राजस्थान सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा बाबा रामदेव जी के दर्शन के लिए रामदेवरा पहुंचे। मंत्री गोदारा के आगमन पर रामदेवरा मंडल के कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मंत्री ने बाबा रामदेव जी की समाधि पर दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

# सुशासन व सेवा भाव के साथ सिलोर में सेवा शिविर आयोजित

**बालोतरा**, (नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल जी शर्मा के निर्देश पर प्रदेश भर में चल रहे ग्रामीण सेवा शिविर-2025 अभियान के तहत आज ग्राम पंचायत सिलोर में एक सफल शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान उपखण्ड अधिकारी ने प्रत्येक विभाग से फीडबैक लिया और कार्य प्रगति का निरीक्षण किया। यह सुनिश्चित किया गया कि सरकार की जनहितैषी योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक पहुंच सके।

शिविर में आबादी भूमि में स्थित 1 राजकीय संस्थान को भूखण्ड का पट्टा वितरित किया गया। साथ ही, पुराने रहवासीय भवनों के 05 पट्टे जारी किए गए, जिससे ग्रामीणों को उनके आवासों का कानूनी मालिकाना हक मिला। सामाजिक सुरक्षा की दिशा में कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के अंतर्गत 27 लाभार्थियों का मौके पर ही पंजीयन किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत कुल 21 चयनित बीपीएल परिवारों का सर्वे किया गया, जो उन्हें विभिन्न सरकारी लाभों से जोड़ने का आधार बनेगा।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना के तहत ग्राम पाबुपुरा के लिए विलेज मास्टर प्लान का अनुमोदन किया गया, जिससे इस क्षेत्र के सुनियोजित विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ। पशुपालन विभाग ने किसानों को संबल देते हुए पशु मंगला बीमा योजना के तहत 15 लाभार्थियों को बीमा पॉलिसी वितरित की। शिविर में चिकित्सा विभाग द्वारा विशेष रूप से सफाई श्रमिकों के स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध करवाई गई।

इस अवसर पर विकास अधिकारी ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाएं आमजन के हित में संचालित की जा रही हैं और सभी पात्र परिवारों को इनका लाभ लेना चाहिए। शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधि काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

बालोतरा जिले की समदड़ी तहसील स्थित ग्राम पंचायत सिलोर में बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड, सिलोर को शिविर के माध्यम से तत्काल भूखण्ड का स्वामित्व दस्तावेज प्राप्त हुआ।

राज्य सरकार की स्वामित्व योजना के तहत, राजकीय संस्थानों और अब नवगठित सहकारी समितियों को भी उनके भूखण्ड/भवन इत्यादि के लिए पट्टा/प्रॉपर्टी कार्ड जैसे विधिक दस्तावेज जारी किए जा रहे हैं। इसी क्रम में, नवगठित ग्राम सेवा सहकारी समिति, लि. सिलोर को आज उनके भूखण्ड का स्वामित्व अधिकार सुपुर्द किया गया।

समिति के अध्यक्ष शैतानसिंह ने इस त्वरित कार्रवाई पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि स्वामित्व का यह कानूनी दस्तावेज मिलने से समिति के नवीन भवन निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। उन्होंने कहा कि अब भविष्य में समिति द्वारा क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों के लिए अन्न भण्डारण और अन्य विभिन्न सुविधाएं विकसित की जा सकेंगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

यह स्वामित्व दस्तावेज प्राप्त होने से समिति को विद्युत कनेक्शन, पेयजल कनेक्शन जैसी बुनियादी सुविधाएं प्राप्त करने में आसानी होगी और भविष्य में भू-सम्पत्ति से जुड़े विधिक विवादों का भी समुचित निपटारा हो सकेगा।

### छोगा राम को पैतृक मकान का पट्टा मिला

ग्रामीण सेवा शिविर-2025 के तहत आज ग्राम पंचायत पाटोदी में आयोजित शिविर में एक बड़ी सफलता की कहानी सामने आई।

शिविर प्रभारी रूस्तम खांजी, तहसीलदार पाटोदी, सहायक शिविर प्रभारी चुन्ना राम विश्नोई, विकास अधिकारी पाटोदी और प्रशासक धर्मेन्द्र कुमार भील की उपस्थिति में छोगा राम पुत्र बांडा राम को स्वामित्व योजना के अंतर्गत उनके पैतृक रहवासीय मकान का पट्टा सुपुर्द किया गया।

लंबे समय से अपने पैतृक मकान के स्वामित्व अधिकार की कानूनी पहचान का इंतजार कर रहे छोगा राम को जैसे ही यह पट्टा मिला, उनके और उनके परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। स्वामित्व योजना के तहत प्राप्त हुए इस पट्टे ने उन्हें उनके घर का कानूनी मालिकाना हक़ प्रदान किया है।

इस अवसर पर छोगा राम ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल जी शर्मा का हृदय से आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया।

### धीरा पंचायत में राजकीय भवनों को मिला पट्टा

पंचायत समिति सिवाना को ग्राम पंचायत धीरा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर-2025 आमजन के लिए बड़ी सौगात लेकर आया। इस शिविर में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र लोगों को हाथों-हाथ योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई।

शिविर में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना और मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना 2024 के लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, स्ट्रीट वेंडर्स और लोक कलाकारों को 60 वर्ष की आयु के बाद आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

शिविर का एक महत्वपूर्ण कार्य वर्षों से निर्मित राजकीय भवनों को पट्टे जारी करना रहा। उपस्वास्थ्य केन्द्र धीरा और पम्प हाउस धीरा, जो कई वर्षों से कार्यरत थे लेकिन उनके पास कानूनी पट्टा नहीं था, उन्हें इस शिविर के दौरान पट्टा जारी किया गया। इस कदम से राजकीय संपत्तियों को कानूनी सुरक्षा प्राप्त हुई। शिविर में मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना 2024 के तहत 16 लोगों ने आवेदन किया। इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए, शिविर में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं पहल की। उपखण्ड अधिकारी सुरेन्द्र सिंह खंगारोत, तहसीलदार रायचन्द देवासी, विकास अधिकारी दिनेशसिंह भाटी ने आवेदकों का मौके पर ही पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाया और योजना की पॉलिसी जारी कर उन्हें सुर्पद की।

भविष्य में आर्थिक चिंता से मुक्ति मिलने पर इन परिवारों ने राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

### मोतीसरा में 23 को पेंशन का लाभ

पंचायत समिति सिवाना की ग्राम पंचायत मोतीसरा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर-2025 ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत लेकर आया। इस शिविर में न केवल राज्य सरकार की महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, बल्कि अधिकारियों ने मौके पर ही लोगों के कार्य हाथों-हाथ निपटाए, जिससे ग्रामीणों को त्वरित लाभ मिला।

शिविर में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना और मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना 2024 के फायदों पर विस्तार से चर्चा की गई। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने वाली मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना में ग्रामीणों ने विशेष रुचि दिखाई। 23 लोगों ने इस योजना में आवेदन किया, जिस पर उपस्थित अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई की। तहसीलदार रायचन्द देवासी और विकास अधिकारी दिनेशसिंह भाटी ने तुरंत पोर्टल पर आवेदकों का रजिस्ट्रेशन करवाया और हाथों-हाथ पॉलिसी जारी कर सुपुर्द की। भविष्य में आर्थिक चिंता से मुक्ति मिलने पर लाभार्थियों ने राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

वर्षों से निर्मित राजकीय भवनों आंगनवाड़ी केंद्र मेघवालों का वास मोतीसरा, आंगनवाड़ी केंद्र जूनाखेड़ा, आंगनवाड़ी केंद्र चौधरियो का वास, पटवार भवन मोतीसरा को पट्टे जारी किए गए। जिन भवनों के पास कानूनी पट्टा नहीं था, उन्हें इस शिविर में यह कानूनी अधिकार प्राप्त हुआ। भवनों को पट्टा मिलने से राजकीय संपत्तियों को कानूनी आधार मिल गया है।

# युवक ने चाकू से खुद का गला काटा, बचाव करते पिता भी जख्मी हुआ

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर के रातानाडा थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात को एक युवक ने चाकू से खुद का गला काट लिया। एमजीएच के इमरजेंसी में उसको ले जाया गया। मगर, देर रात उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने आज सुबह एमजीएच में शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजन को सुपुर्द किया। उसके पिता बचाव करते चोटिल हो गए थे, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रात में ही अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। चाकू से आत्महत्या किस कारण की इस बारे में फिलहाल पता नहीं चला है। पुलिस जांच के बाद ही खुलासा हो पाएगा। मृतक नशे का आदी बताया गया था।

रातानाडा थानाधिकारी दिनेश लखावत ने बताया कि खासबाग के सामने रहने वाले 45 वर्षीय ओमप्रकाश सोनी ने शुक्रवार की रात में खुद का गला चाकू से काट कर आत्महत्या की कोशिश की। उसके पिता सत्यनारायण ने उसे बचाने का प्रयास किया तो उनके भी हाथ की अंगुठियां कटने से जख्मी हो गई। बाद में दोनों को एमजीएच इमरजेंसी में लाया गया, मगर ओमप्रकाश की देर रात में मौत हो गई।

थानाधिकारी लखावत ने बताया कि ओमप्रकाश नशे का सेवन करता था, जिसके चलते उसने आत्महत्या की कोशिश की मगर वह बच नहीं पाया। शव का आज पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजन को सुपुर्द किया गया है। उसने किस कारण से आत्महत्या की इसका पता जांच के बाद ही चलेगा। पिता को रात में ही छुट्टी दे दी गई थी। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त चाकू को जब्त किया है।

# सूदखोरों से परेशान युवक ने की खुदकुशी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के माता का थान पुलिस थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर शाम एक युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

रात में भाई ने मर्ग में रिपोर्ट दी। मगर अब उसने कुछ सूदखोरों पर परेशान करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का एमजीएच में पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजन को सुपुर्द किया।

माता का थान पुलिस थानाधिकारी मानाराम ने बताया कि मूलतः मथानिया हाल माता का थान 80 फीट रोड, पुरानी प्याउ के पास रहने वाले 30 वर्षीय हरिश पुत्र सुखदेव सांखला ने शुक्रवार की देर शाम को अपने घर के ऊपरी कमरें में जाकर फंदा लगा लिया।

घरवालों का पता लगने पर उसे फंदे से उतार कर एमजीएच लाए, मगर यहां डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। उसके भाई निखिल की तरफ से रात में मर्ग में रिपोर्ट दी गई थी, मगर अब उसका आरोप है कि हरिश ने सूदखोरों से परेशान होकर फंदा लगाया था। कुछ लोगों से रूपए उधार ले रखे थे और वे ज्यादा ब्याज वसूलते थे।

थानाधिकारी मानाराम के अनुसार मृतक शादीसुदा था। आत्महत्या दुष्प्रेरित किए जाने का केस दर्ज किया गया है। कमरे से फिलहाल सुसाइड नोट नहीं मिला है।

अग्रिम जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सुपुर्द किया।

# पोकरण में दीपावली स्नेह मिलन व आम सभा संपन्न

**पोकरण**, (नि.सं.)। भारत विकास परिषद शाखा पोकरण द्वारा शुक्रवार सांय 7 बजे नीजी होटल में दीपावली स्नेह मिलन एवं आम सभा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभय कुमार अग्रवाल ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में अमृतलाल दैया, सचिव कुम्भ सिंह चांपावत, कोषाध्यक्ष अचल दान रतनू, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश व्यास एवं महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. कामिनी गुप्ता मंचासीन रहे।

भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रकाशचंद पंचारिया ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन करवाया। तत्पश्चात सभी सदस्यों का परिचय कराया गया तथा अतिथियों सहित नवचयनित आर.अस.ए. दिनेश जोशी एवं नवीन सदस्यों का अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत-सम्मान किया गया।

हेमशंकर जोशी ने परिषद की गतिविधियों एवं उद्देश्यों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि अमृतलाल दैया ने सुखी परिवार पाथेय विषय पर प्रेरक संबोधन दिया। बालिका प्रज्ञा चांपावत ने हो सुखी परिवार शीर्षक कविता प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। महिला सदस्यों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को आनंदमय बनाया। अभय कुमार अग्रवाल व प्रकाशचंद पंचारिया ने काव्य गीत प्रस्तुत किए। शाखा सचिव कुम्भ सिंह चांपावत ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन देवीसिंह भाटी ने कुशलता पूर्वक किया।

सुनीता भाटी, खीवसिंह सिंह रावलोत, डॉक्टर ताम्बल राम, अशोक माली,किशन सिंह भाटी, रमेश सोनी, हरीश पालीवाल, डॉ अनिल गुप्ता, राजेंद्र बोहरा, जुगल किशोर बिस्सा पत्रकार, कुलदीप छगानी पत्रकार, सुरेन्द्र सिंह चम्पावत, पीनी भा बोहरा, रवि राठी, राधा कृष्ण खत्री सहित कई लोगों ने भाग लिया।

### कार में पांच किलो डोडा पोस्त, चालक गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकटवर्ती डांगियावास स्थित खेड़ी सालवां गांव में पुलिस ने नाकाबंदी में एक कार को रूकवा कर तलाशी ली। कार से पांच किलो से ज्यादा अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ।

पुलिस ने कार में सवार युवक को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर कार को जब्त किया। डांगियावास पुलिस के अनुसार रात में नाकाबंदी की गई। तब एक कार को खेड़ी सालवां में पकड़ा। कार में सवार युवक वहीं के रहने वाले श्रवणराम विश्नोई से पूछताछ करने पर कार की तलाशी ली गई। तलाशी में 5 किलो 40 ग्राम अवैध डोडा पोस्त मिला। इस पर उसे गिरफ्तार कर कार को जब्त किया गया।

# डी.आर.एम. ने जैसलमेर स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया

**जोधपुर**, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने शनिवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जैसलमेर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे पुनर्विकास कार्यों, सिक लाइन, पिट लाइन, रेलवे कॉलोनी एवं स्टेशन परिसर की सफाई व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया।

140 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकसित हो रहा जैसलमेर रेलवे स्टेशन सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

डीआरएम त्रिपाठी ने बताया कि स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। नवविकसित स्टेशन में सर्कुलेटिंग एरिया, आधुनिक शौचालय, विशाल वेटिंग हॉल एवं वेटिंग रूम, दिव्यांगजन हेतु विशेष प्रावधान, प्लेटफॉर्म शेल्टर, कोच गाइडेंस सिस्टम सहित अनेक यात्री सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुके हैं और शीघ्र ही स्टेशन का लोकार्पण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने शेष निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूरा करने, स्टेशन एवं कॉलोनी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग को और अधिक प्रभावी बनाया जाने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि ट्रैक एवं प्लेटफॉर्म पर विशेष सफाई सुनिश्चित की जाए।

मंडल रेल प्रबंधक ने गाड़ी संख्या 15014 काठगोदाम-जैसलमेर रानीखेत एक्सप्रेस में जोधपुर से मारवाड़ लोहावट खंड तक इंजन से फुटप्लेट निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेल संचालन की सुरक्षा, सिग्नलिंग एवं पटरियों की स्थिति सहित विभिन्न परिचालनिक पहलुओं का गहन अवलोकन किया।

उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा, स्वच्छता और समयबद्ध संचालन रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इन लक्ष्यों की पूर्ति के लिए समर्पण के साथ कार्य करें।

### आगजनी से बचाव का प्रदर्शन

**जोधपुर**, (कासं)। कमला नेहरू चेस्ट हॉस्पिटल में अग्निशमन विभाग एवं चिकित्सालय प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आग लगने की स्थिति में तैयारी, बचाव एवं नियंत्रण के लिए मॉक ड्रिल आयोजित की गई।

मॉक ड्रिल का नेतृत्व संस्थान अधीक्षक डॉ. सीआर चौधरी ने किया। मॉक ड्रिल सहायक अग्निशमन अधिकारी मोहनलाल चितारा के नेतृत्व में अग्निशमन दल ने संपन्न की। हॉस्पिटल स्टाफ को आग की आपात स्थिति में सुरक्षित निकासी, अग्निशमन यंत्रों के उपयोग, एवं प्राथमिक सुरक्षा उपायों का प्रशिक्षण दिया गया। मॉक ड्रिल में नोडल अधिकारी डॉ. राधेश्याम, नर्सिंग अधीक्षक लालचंद सोनी तथा वर्कशॉप प्रतिनिधि शंकरलाल आदि ने भाग लिया।

# जैसलमेर कांग्रेस जिलाध्यक्ष के लिए पैनल में 6 नाम

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर में कांग्रेस की कमान किसके हाथ में रहेगी उसका फैसला अतिशीघ्र होने जा रहा है। पिछले दिनों संगठन सृजन अभियान के तहत जो पर्यवेक्षक जैसलमेर आए थे, उन्होंने 6 नेताओं के नाम का पैनल तैयार कर पार्टी नेताओं को सौंप दिया है। इस पैनल में छंटनी के बाद राहुल गांधी की मंजूरी के बाद नाम की घोषणा की जाएगी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि जैसलमेर से नामों में दोनों पक्षों द्वारा सुझाए 6 चेहरों के नाम शामिल किये गये हैं।

जिलाध्यक्ष चयन के लिए फीडबैक के आधार पर पर्यवेक्षकों ने पैनल तैयार किया है। जिसमें पूर्व जिला प्रमुख अंजना मेघवाल, पूर्व प्रधान अमरदीन फकीर, मौजूदा जिलाध्यक्ष उम्मेदसिंह तंवर, युवा नेता मुराद फकीर, विकास व्यास एवं खटन खां के नाम शामिल है। अब इन नामों की छंटनी कर तीन नामों का फाइनल पैनल राहुल गांधी को सौंपा जायेगा।कांग्रेस में मूल ओबीसी को जिलाध्यक्ष बनाये जाने के दावे की हवा निकलती दिख रही है केवल उम्मेदसिंह तंवर इनमें से मूल ओबीसी से आते हैं। इसके अलावा सर्वाधिक दावेदार मुस्लिम वर्ग से है। हालांकि पूर्व जिला प्रमुख अंजना मेघवाल भी प्रमुख दावेदार के रूप में उभरी है।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि नवम्बर के पहले सप्ताह में जिलाध्यक्ष की घोषणा की जा सकती है।

पिछले दिनों संगठन सृजन अभियान के तहत जैसलमेर आए पर्यवेक्षकों के सामने पूर्व मंत्री शाले मोहम्मद गुट ने अल्पसंख्यक समुदाय से तो पूर्व विधायक रूपाराम धनदेव गुट ने मूल ओबीसी वर्ग से नया जिलाध्यक्ष बनाने की वकालत की थी। दोनों गुट पर्यवेक्षक के सामने अलग से बैठे भी थे। सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने दोनों पक्षों को समझाकर एक नाम पर सहमति बनाने के प्रयास भी किए परंतु सहमति अंत तक नहीं बनी थी।

# टोनी ईगल की हाईटेंशन लाइन के करंट से मौत

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जिले के श्री देगराय ओरण में शनिवार को ऐक टोनी ईगल की हाईटेंशन लाइन के करंट से दर्दनाक मौत हो गई

वन्यजीव प्रेमी सुमेरसिंह भाटी मौके पर पहुंचे, परन्तु थोड़ी ही देर के बाद बाज ने दम तोड दिया।

वन्यजीव प्रेमी सुमेरसिंह भाटी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हाईटेंशन लाइन के करंट से आए दिन पक्षियों की मौत हो रही है। भाटी ने बताया कि विधुत लाईनें ओरण से हटाकर या भूमिगत नहीं किया जाएगा, तब तक यहां प्रवासी पक्षी अपनी जान गंवाते रहेंगे। भाटी ने बताया कि एक सप्ताह में 6 पक्षियों की जान जा चुकी है।

# अन्नपूर्णा रसोई केंद्रों में अनियमितता, जांच होगी

**बाड़मेर**,(नि.सं.)। जिला कलैक्टर टीना डाबी ने बाड़मेर जिले के नगर निकाय क्षेत्रों मे संचालित अन्नपूर्णा रसोई केन्द्रों की जांच करवाने के निर्देश दिए हैं। कलैक्टर ने यह निर्देश जिला प्रशासन को अन्नपूर्णा रसोइयों मे अनियमितता की शिकायतें प्राप्त होने पर दिए हैं।

कलैक्टर ने एडीएम राजेंद्रसिंह चांदावत की अध्यक्षता मे जांच समिति बनाई है जिसमें नगर विकास न्यास के सचिव श्रवणसिंह राजावत और नगर परिषद सचिव अभिषेक शर्मा को सदस्य बनाया गया है। यह समिति अन्नपूर्णा रसोई केंद्रों पर जारी किए जा रहे कूपनों की वास्तविकता एवं सत्यापन प्रक्रिया, भोजन वितरण में पारदर्शिता एवं उपस्थित लाभार्थियों का वास्तविक रिकार्ड और संचालन एजेंसी एवं संबंधित कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा तथा फर्जी कूपन प्रकरण में जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान और जवाबदेही निर्धारित करेगी। समिति जल्दी रिपोर्ट कलैक्टर को प्रस्तुत करेगी।

समिति की ओर से जांच अवधि के दौरान संबंधित रसोई केंद्रों से अभिलेख, कूपन रजिस्टर एवं सीसीटीवी फुटेज का परीक्षण किया जाएगा। जिला प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि जांच में कोई भी अनियमितता या भ्रष्टाचार पाया गया तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

# 'आवारा गोवंश की सुध लें'

**धोरीमन्ना**, (नि.सं.)। धोरीमना नगर पालिका व धोरीमना क्षेत्र की आवारा गोवंश की तमाम प्रकार की समस्याओं को लेकर महेश जाणी ने बताया कि चारे पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण आए दिन गोवंश बीमार हो रहे हैं। कई गोवंश सड़क के ऊपर गाड़ियों द्वारा एक्सीडेंट के शिकार होने जाते है। गांवों के चौराहे पर आवारा गोवंश का झुंड का झुंड घूमते रहते हैं। धोरीमना बाजार में इधर-उधर मुंह मारते रहते हैं। कई बार कई ग्रामीणों को चोटिल कर देते समय पर खाना पीना नहीं मिलने पर बीमार हो जाते तथा एक दूसरे से आगे बीमारी भी फैलती रहती दिखती है। कई बार गौ भक्तों ने इलाज भी करवाए, ज्यादा बीमार होने पर गौशाला में सूचना करने पर गौशाला वाले लेकर जाते फिर उनका सुचारू रूप से इलाज करते।

हनुमान चौधरी ने कह कि गौ माता के छोटे बछड़ों को आवारा ना छोड़े गोवंश दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं। बड़े दुखी है। घर में अपने-अपने गोवंश की सेवा करें। प्रत्येक ग्रामीण व किसान अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

इमरजेंसी सेवाओं को लेकर डॉ महिपाल चौधरी ने बताया कि राजस्थान सरकार पशुपालन विभाग मोबाइल पशु चिकित्सालय हेल्पलाइन नंबर 1962 पर डॉ. महिपाल ने ग्रामीणों से अपील की संबंधित नंबरों पर टेलीफोन करके सूचना करें।

आवारा पशु व गोवंश का उपचार करवाएं। बीमार गोवंश को अलग रखें और उसकी देखभाल करें एक दूसरे के साथ ना रखें, पूर्ण रूप से इलाज करवाये। लगभग प्रत्येक गांव में पशु चिकित्सालय है।

# गुड़ामालानी पालिका क्षेत्र में अतिक्रमण, लोगों में कई तरह की चर्चाएं

**गुड़ामालानी**, (नि.सं.)। गुड़ामालानी नगर पालिका में आबादी भुमि एवं सरकारी भूमि पर हर दिन अतिक्रमी अतिक्रमण कर भूमि पर कब्जा करने के साथ बेचते नजर आ रहे हैं। वहीं दीपावली पर्व पर क्षेत्र में त्योहार के दुसरे दिन गांवों में ग्रामीणों की बैठकें आयोजित होती है। बैठकों में नवनियुक्त नगरपालिका गुड़ामालानी में आबादी भुमि हो या अन्य भूमि पर खूलेआम अतिक्रमण करने की चर्चा तेज होने के साथ ग्रामीण प्रशासनिक अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा वर्तमान मंत्री पर भारी नाराज़गी के साथ रोष जताते नजर आए।

गुड़ामालानी ग्राम पंचायत से नगरपालिका बनने के बाद पहली बार नगरपालिका के चुनाव होंगे। पहली बार नगरपालिका बनने के बाद मंत्री के गढ़ में कांग्रेस का बोर्ड बनने के भी स्थानीय लोग कयासो पर कयास लगा रहे हैं। ।लोगों के अनुसार अतिक्रमण का मामला भाजपा के मंत्री पद पर भारी पड़ सकता है। वहीं लोगों का कहना है कि पहले चोर चोरी करते थे तो रात में करते थे, अब दिन में भी जमीनों पर अतिक्रमण कर निर्माण कार्य चल रहे हैं। ऐसा मामला गुड़ामालानी की स्थानीय जनता पहली बार देख रही है। बड़े मजे की बात यह है कि दिन दहाड़े करोड़ों रुपए की पालिका की बेशकीमती जमीन पर अतिक्रमण हटाने को लेकर स्थानीय प्रशासन भी लाचार बनकर रह गया है। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर अतिक्रमण का मामला ने चारों तरफ़ धूम मचा रखी है।